# वीयू– विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधा रोपण एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया





विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा जी के मार्गदर्शन एवम् निर्देशन में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा जी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जन जागरूकता एवं प्रकृति संरक्षण के लिए सार्थक प्रयासों को बढ़ावा देना है, बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन की थीम पर पर्यावरण के प्रति विशेष जन जागरूकता एवम् प्लास्टिक प्रदूषण जैसे गंभीर विषयों पर सामूहिक प्रयासो की मदद से लोगों को सचेत करने हेतु हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए, कार्यक्रम के दौरान माननीय कुलगुरु ने पर्यावरण प्रदूषण के बढ़ते मानक स्तर, ग्लोबल वार्मिंग, बढ़ते प्लास्टिक अपशिष्ट एवम् समुद्री जल स्तर में लगातार हो रही वृद्धि पर गहन चिंता जाहिर की, कुलपति महोदय ने कहा की विश्वस्तरीय वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिवर्ष एक विशेष थीम का चयन किया जाता है, ताकि जन जागरुकता के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए संयुक्त प्रयास संभव हो सकें, कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के औषधी वाटिका परिसर एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय प्रांगण में में गुलमोहर, नीम, चित्रकमूल, बच, जैसे महत्त्वपूर्ण औषधीय पौधों का रोपण किया गया, कार्यक्रम के दौरान



विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. सुनील नायक, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. शशिकांत महाजन, डायरेक्टर डिप्लोमा डॉ जी. दास, डॉ समयंतक त्रिपाठी, डॉ रामकिंकर मिश्रा, डॉ माधुरी शर्मा, डॉ प्रीति मिश्रा, श्री शिवमोहन सिंह, टीचिंग एसोसिएट प्रतीक कुमार तिवारी, प्रियंका गौतम, अनिल केवट सहित महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक उपस्थित रहे, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर के पौधारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. राजेश शर्मा, डॉ पी.के. सिंह, डॉ. स्वाति गुप्ता, डॉ. अंशुल खरे, प्रवीण सिंह एवं महाविद्यालय के छात्र–छात्राओ द्वारा फलदार पौधों का रोपण किया गया, साथ ही महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता आदि का भी आयोजन विश्व पर्यावरण दिवस की जागरूकता हेतु किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर